आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.03.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण को अनुमति दी।
- पौड़ी जिले में "थलीसैंण से देशसेवा" नाम से प्रेरणादायक पहल की शुरुआत। क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है उद्देश्य।
- बागेश्वर जिले के जौलकांडे में युवाओं के लिए दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन।
- उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट।

**<u>केरोसिन वितरण</u>**

केंद्र सरकार ने 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सार्वजनिक वितरण के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले केरोसिन तेल के वितरण की अनुमति दे दी है। विश्वभर में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। इसका उद्देश्य सामान्य स्थिति में केरोसीन का उपयोग बंद होने वाले क्षेत्रों में खाना पकाने और प्रकाश व्यवस्था की जरूरतों को पूरा करना है। एक रिपोर्ट–

**<u>थलीसैंण से देशसेवा</u>**

पौड़ी जिले के थलसैंण के उपजिलाधिकारी कृष्णा त्रिपाठी की ओर से क्षेत्र के छात्र–छात्राओं के लिए "थलीसैंण से देशसेवा" नाम से एक प्रेरणादायक पहल की शुरुआत की गयी है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। "थलीसैंण से देशसेवा" कार्यक्रम के पहले दिन उपजिलाधिकारी ने खुद तीन घंटे की इतिहास विषय की क्रैश कोर्स कक्षा संचालित की, जिसमें 18 छात्रों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपजिलाधिकारी ने बताया कि इस पहल के तहत प्रत्येक रविवार को क्रैश कोर्स और मैराथन कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थियों के ज्ञान व प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का निरंतर विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाना है, ताकि उन्हें उच्च गुणवत्ता की तैयारी के लिए देहरादून या अन्य शहरों की ओर न जाना पड़े। वहीं, इस पहल के लिए ग्राम प्रधानों और अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए इसे

क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि स्थानीय स्तर पर छात्रों को शिक्षा और मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर यह पहल शिक्षा में रिवर्स पलायन की दिशा में भी एक सराहनीय प्रयास है।

## योग कक्षाएं

हल्द्वानी स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आमजन के लिए गत 22 मार्च से निःशुल्क योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। यह निःशुल्क योग प्रत्येक रविवार विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है और 21 जून तक नियमित रूप से जारी रहेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि यह निःशुल्क योग शिविर आम जनता के स्वास्थ्य संवर्धन और योग के सकारात्मक प्रभाव को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना चाहिए।

## बर्ड वॉचिंग प्रशिक्षण

बागेश्वर जिले के जौलकांडे में दो दिवसीय बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान युवाओं को पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और बर्ड वॉचिंग की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।

साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षक पंकज शर्मा ने युवाओं को दूरबीन के उपयोग, पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार और आवास के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी।

प्रतिभागियों ने फील्ड भ्रमण के दौरान जौलकांडे गांव और आसपास के क्षेत्रों में कुल 52 प्रजातियों के पक्षियों को देखा तथा उनकी गणना भी की। पक्षी विशेषज्ञ राजेश भट्ट ने बताया कि उत्तराखंड में बर्ड वॉचिंग और इको–टूरिज्म के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और प्रशिक्षित युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।

वहीं, प्रतिभागियों ने इसे बेहद उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक होते हैं, बल्कि युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम हैं।

## लोकसभा

लोकसभा में आज दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य कंपनियों और व्यक्तियों के बीच प्रक्रियात्मक विलंब और व्याख्या संबंधी मुद्दों का समाधान करना है। राज्यसभा में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सामान्य प्रशासन विधेयक, 2026 पर चर्चा होगी। विधेयक का उद्देश्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में समूह ए जनरल ड्यूटी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले सामान्य नियमों को विनियमित करना है।

## मौसम

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ पर्वतीय जिलों में तीन हजार तीन सौ मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है।

## गंगा स्वच्छता

पौड़ी गढ़वाल के राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी की नमामि गंगे इकाई द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में गंगा स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गंगा और अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस दौरान चाकीसैंण क्षेत्र में स्वच्छता रैली निकाली गई, जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोगों को गंगा की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।